प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 04.09.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग से चयनित एक हजार 334 अवर अभियंता, संगणक और फोरमैन को सौंपे नियुक्ति–पत्र।
2. रक्षामंत्री राजनाथ सिंह आज तीन दिवसीय दौरे पर पहुंचे लखनऊ : कल तीनों सेनाओं के पहले संयुक्त कमांडर सम्मेलन–जेसीसी को करेंगे संबोधित।
3. राज्य कर्मचारियों को मानव सम्पदा पोर्टल पर अपनी सम्पत्ति का ब्यौरा देने के लिये दिया गया एक महीने का अतिरिक्त समय।
4. पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के स्वच्छ वायु सर्वेक्षण 2024 में फिरोजाबाद और रायबरेली को अलग–अलग श्रेणी में मिला पहला स्थान। और
5. नोएडा–ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस–वे के समानांतर बनेगा एक और एक्सप्रेस वे : एनएचएआई ने दी प्रोजेक्ट को मंजूरी।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में आज उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा चयनित एक हजार 334 अवर अभियंता, संगणक और फोरमैन को नियुक्ति–पत्र वितरित किए। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि नियुक्त

पाने वालों में हर जनपद का प्रतिनिधित्व दिखता है। नियुक्ति प्रक्रिया में आरक्षण नियमों का पालन करते हुए बिना भेदभाव प्रतिभाशाली युवाओं को नियुक्ति की प्रक्रिया से जोड़ा गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश विकास के पथ पर सरपट दौड़ रहा है और देश का ग्रोथ इंजन बनकर उभर रहा है। बाइट....

*पिछले सात साढ़े सात वर्ष के अंदर नियुक्ति की जो प्रक्रिया में पारदर्शिता और शुचितापूर्ण तरीके से कार्यवाही आगे बढ़ी है। हम लोग साढ़े 6 लाख से अधिक सरकारी नियुक्ति प्रदेश के युवाओं को देते है, इन युवाओं ने अपनी अर्जी और प्रतिभा का लाभ प्रदेश को दिया। आज जब हमारे पास मैनपावर की कमी पूरी हुई। यही प्रदेश जो देश के विकास का बैरियर माना जाता था, आज सरपट तरीके से दौड़ता हुआ दिखाई दे रहा है और यही प्रदेश जो बैरियर था, आज देश के विकास का ग्रोथ इंजन बना। आज से साढ़े सात वर्ष पहले यह प्रदेश देश की सातवीं बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में जाना जाता था, आज यही प्रदेश नम्बर दो की अर्थव्यवस्था बन चुका है।*

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज पयागराज में जनपद स्तरीय रोजगार और ऋण मेले में पांच हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किये। इसके साथ ही सात हजार 138 लाभार्थियों को 510 करोड़ रुपये से अधिक के ऋण और 15 हजार से अधिक युवाओं को टैबलेट और स्मार्टफोन बांटे। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार अपने हर दायित्व का निवर्हन पूरी ईमानदारी के साथ कर रही है। जीरो–टॉलरेंस नीति के साथ हर बहन, बेटी, नागरिक और व्यापारी को सरकार

सुरक्षा प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं को रोजगार से जोड रही है।

—————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में राष्ट्रीय पोषण माह के अन्तर्गत 45 जनपदों के 555 आंगनबाड़ी भवनों का लोकार्पण किया। साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं के बैंक खातों में बीमा प्रीमियन और यूनिफार्म के लिये 37 करोड़ 78 लाख रुपये की राशि भेजी। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को पूर्ण करने में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की भूमिका अहम है। उन्होंने कहा कि बच्चे स्वस्थ होंगे, तभी भारत समृद्ध होगा।

—————————

तीन दिवसीय दौरे पर आज लखनऊ पहुंचे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह कल लखनऊ में तीनों सेनाओं के पहले संयुक्त कमांडर सम्मेलन–जेसीसी को संबोधित करेंगे। देश की सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए पहले संयुक्त कमांडर सम्मेलन–जेसीसी का आज लखनऊ में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने उद्घाटन किया। इस अवसर पर चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान के साथ थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी और वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल विवेक राम चौधरी भी मौजूद

रहे। सम्मेलन में तीनों सेनाओं के अन्य शीष अधिकारियों ने भी भाग लिया। देश में मौजूद सुरक्षा स्थिति और सशस्त्र बलों की रक्षा तैयारी की समीक्षा करते हुए सीडीएस ने विभिन्न क्षेत्रों में एकीकरण को बढ़ाने पर जोर दिया। तीन दिवसीय दौरे के पहले दिन आज रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह लखनऊ में सांस्कृतिक संध्या में शामिल हुए।

————————

राज्य कर्मचारियों को मानव सम्पदा पोर्टल पर अपनी सम्पत्ति का ब्यौरा देने के लिये एक महीने का और समय दिया गया है। पहले 31 अगस्त तक यह मौहलत दी गई थी और ब्यौरा न देने वाले कर्मचारियों का वेतन रोकने की बात कही गई थी। इस अवधि तक लगभग दो लाख 44 हजार कर्मचारियों ने ब्यौरा नहीं दिया था। कर्मचारियों की मांग पर एक महीने का अतिरिक्त समय दिया गया है।

————————

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के स्वच्छ वायु सर्वेक्षण 2024 में प्रदेश के कई शहरों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। 10 लाख से अधिक जनसंख्या वाले शहरों की श्रेणी में आगरा ने तीसरा स्थान हासिल किया है, जो वायु गुणवत्ता प्रबंधन के प्रयासों में महत्वपूर्ण प्रगति को दर्शाता है। 3 से 10 लाख जनसंख्या वाले शहरों की श्रेणी में फिरोजाबाद ने पहला स्थान प्राप्त किया है, जो वायु प्रदूषण को कम करने में उसके उल्लेखनीय प्रयासों को

दर्शाता है। झांसी ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, और इस श्रेणी में तीसरा स्थान हासिल किया है। शहर का औद्योगिक उत्सर्जन नियंत्रण और शहरी हरित क्षेत्रों को बढ़ावा देना वायु गुणवत्ता में सुधार में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। 3 लाख से कम जनसंख्या वाले शहरों की श्रेणी में रायबरेली ने पहला स्थान प्राप्त किया है।

————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

2 सितंबर से 25 सितंबर तक भाजपा अपने सदस्यता अभियान के प्रथम चरण क बाद 10 अक्टूबर से दूसरे चरण की शुरुआत करेगी। उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने आज लखनऊ में भाजपा के सदस्यता अभियान के आगामी चरणों की जानकारी दी। श्री पाठक ने बताया कि दूसरा चरण 10 अक्तूबर से 15 अक्तूबर तक चलाया़ जाएगा। 11 से 17 सितम्बर तक घर घर जाकर भाजपा कार्यकर्ता लोगों को

सदस्यता अभियान के लिए सम्पर्क करेंगे। दूसरे चरण के तहत 10 अक्तूबर से 31 अक्तूबर तक सक्रिय सदस्यता अभियान होगा, जो भी सदस्य इस दौरान 100 साधारण सदस्य बनाएगा, उसे सक्रिय सदस्य के रूप में सदस्यता मिलेगी। वहीं हर रविवार को भाजपा अटल सदस्यता अभियान मनाएगी। इस दिन पार्टी के सांसद और विधायक कम से कम 20 लोगों को भाजपा का सदस्य बनाएंगे।

बाइट.....

*भाजपा प्रत्येक रविवार को अटल सदस्यता पर्व मनायेगी। चूंकि यह पूज्य अटल जी का शताब्दी वर्ष है, 100वीं जयन्ती हम लोग मनायेंगे, 25 दिसम्बर को, तो हम लोग अटल सदस्यता पर्व प्रत्येक रविवार को मानने का काम करेंगी। सदस्यता पर्व विधिक सभी माननीय सांसद, विधायक अपने आसपास के कम से कम 20 लोगों को सदस्य बनायेंगे।*

————————

एनएचएआई ने नोएडा–ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस–वे के समानांतर एक और एक्सप्रेस वे बनाने के लिए सर्वे का काम पूरा होने के बाद अपनी सहमति दे दी है। इस एक्सप्रेस वे के बनने से न केवल नोएडा–ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस–वे पर वाहनों का दबाव कम होगा, बल्कि 10 लाख से ज्यादा वाहन चालकों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में काफी आसानी होगी। इस एक्सप्रेस वे की लंबाई करीब 32 किलोमीटर की होगी, जिसमें 28 किलोमीटर नोएडा क्षेत्र और 4 किलोमीटर एयरपोर्ट से लिंक करने में बनाया जाएगा। इसके पूरा होने से लखनऊ तक का सफर वाहन

चालक बिना किसी रूकावट के कर पाएंगे। एनएचएआई ने पुस्ता रोड समेत अन्य विकल्पों पर सर्वे कर अपनी रिपोर्ट बना ली है। नोएडा प्राधिकरण के सीईओ के मुताबिक, एनएचएआई की सहमति मिलने के बाद अब एक कंपनी को हायर करके दोबारा सर्वे कराया जाएगा, ताकि डीपीआर तैयार कर काम को शुरू किया जा सके। इस प्रोजक्ट को बनाने में करीब दो से 2 दशमलव 5 हजार करोड़ रुपए का खर्चा होगा।

—————————

प्रदेश सरकार ने राज्य के तराई क्षेत्र के जिलों में लोगों, विशेषकर बच्चों पर हमला करने वाले भेड़ियों को मारने के आदेश दिए हैं। पीलीभीत जिले में समीक्षा बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए प्रदेश के वन एवं पर्यावरण मंत्री अरुण सक्सेना ने कहा कि सरकार ने आदेश जारी कर दिया है कि अगर वन विभाग की टीमें भेड़ियों को पकड़ने में विफल रहती हैं, तो उन्हें मार दिया जाए। वन विभाग की टीमों ने डोन कैमरों के जरिए कैद किए गए छह भेड़ियों में से चार को पकड़ने में कामयाबी हासिल की है। बाकी दो भेड़ियों की तलाश में 20 से ज्यादा टीमें लगायी गयी हं, जो बहराइच, लखीमपुर खीरी और दूसरे प्रभावित इलाकों के जंगलों में सर्च अभियान चला रही हैं।

(समाप्त)